विश्व पशु चिकित्सा दिवस

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर सप्ताह भर के आयोजन मनाये जा रहे है। उसके अंतर्गत महाविद्यालय के सभागार में दिनांक 26 अप्रैल 2019 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष से लेकर इंअर्नशिप के छात्र–छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र–छात्रों को चार–चार विद्यार्थियों के पॉच दलों (जिनके नाम क्रमशः लिस्चर, पास्चर, जेनर, फ्लेमिंग एवं ल्यूवेहॉक) में विभाजित किया गया। सभी दलों से चार राउंडों में क्रमशः एनिमल साइंस, विटनरी साइंस, पैराक्लीनिकल एवं क्लीनिकल साइंस से प्रश्न पूँछे गये। इस प्रतियोगिता की रूपरेखा एवं आयोजन डॉ. शोभा जावरे, डॉ. पूनम शाक्या एवं डॉ. अर्पणा रैकवर एवं संचालन डॉ. आदित्य मिश्रा ने किया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त दलों में से प्रथम स्थान ल्यूवेहॉक, द्वितीय स्थान जेनर एवं तृतीय स्थान संयुक्त रूप से पास्चर एवं फ्लेमिंग दल ने प्राप्त किया इस कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार शर्मा, अधिष्ठाता, डॉ. अपरा शाही, डॉ. देवेन्द्र गुप्ता डॉ. रणधीर सिंह, एवं डॉ. अंकुर खरे की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई